बिहार सरकार

त्रैमासिक

# परिवर्तन

कारा सुधारात्मक पहल की साक्षी

अप्रैल–2024 से दिसम्बर–2024 । तृतीयांक :–21,22 एवं 23



गृह विभाग (कारा), बिहार अंतर्गत कारा एवं सुधार सेवाएँ नियंत्रणाधीन बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर (वैशाली) द्वारा प्रकाशित

त्रैमासिक

# परिवर्तन

## कारा सुधारात्मक पहल की साक्षी

अप्रैल–2024 से दिसम्बर–2024 तृतीयांक :–21,22 एवं 23

संरक्षक :
**श्री अरविन्द कुमार चौधरी** (भा.प्र.से.)
प्रमुख सचिव
गृह विभाग, बिहार।

प्रधान सम्पादक :
**श्री प्रणव कुमार** (भा.प्र.से.)
सचिव गृह–सह–महानिरीक्षक
कारा एवं सुधार सेवाएँ,
बिहार, पटना।

सम्पादक :
**श्री नीरज कुमार झा**
निदेशक
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान
हाजीपुर (वैशाली)

सह सम्पादक :
**डॉ. रविकान्त देव,**
उपनिदेशक, अभियोजन कोषांग,
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान
हाजीपुर (वैशाली)

**श्री अमर शक्ति**
उपनिदेशक
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान
हाजीपुर (वैशाली)

**सुश्री अंकिता कुमारी,**
प्रोबेशन पदाधिकारी,
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान
हाजीपुर (वैशाली)

टंकण :
**श्री रमेश कुमार**
कक्षपाल

सम्पादकीय कार्यालय :–
**बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान,**
हाजीपुर (वैशाली)
दूरभाष :– 06224–272116
फैक्स :– 06224–272117
ई–मेल :–director.bica@bihar.gov.in

इस अंक में ..........

पृष्ठ सं.

- **संदेश**
  संपादक की कलम से .................... 3
- बिहार कारा सेवा के कक्षपालों के प्रशिक्षण सत्र का सत्रावसान परेड। 5
- New Criminal Law 2023 विषय पर अभियोजन सेवा के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 9
- प्रोबेशन दिवस के अवसर पर Probation Relevancy, Opportunity & Challenges विषय पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन। 12
- New Criminal Law 2023 विषय पर राज्य की काराओं के सभी कारा कर्मियों/पदाधिकारियों का एकदिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण। 17
- राज्य की काराओं में कार्यरत प्रोन्नति प्राप्त निम्नवर्गीय/उच्च वर्गीय/प्रधान लिपिकों का प्रशिक्षण। 19
- New Criminal Law 2023 विषय पर अभियोजन सेवा के पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण। 22
- New Criminal Law 2023 विषय पर अभियोजन सेवा के पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण। 24
- Sensitization of Prison Officials regarding New Criminal Law विषय पर 03 दिवसीय प्रशिक्षण। 25
- बिहार कारा सेवा के कक्षपालों के प्रशिक्षण सत्र का सत्रावसान परेड। 28
- Sensitization of Prison Officials regarding New Criminal Laws विषय पर कारा एवं प्रोबेशन सेवा के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 32
- स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित राजकीय परेड 37
- New Criminal Law 2023 विषय पर अभियोजन सेवा के पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण। 38
- APCA, Vellore से आये प्रशिक्षु कारा पदाधिकारियों का संस्थान में भ्रमण 39
- प्रोबेशन सेवा के पदाधिकारियों का सांस्थिक प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम। 40
- प्रोबेशन कार्यालयों में कार्यरत कार्यालय परिचारी के कर्मियों का सांस्थिक प्रशिक्षण। 44
- वितिय वर्ष–2024–25 के प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुरूप आयोजित ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम 45
- राज्य के विभिन्न काराओं में चौमुखी सुधार एवं बंदियों हेतु सुधारात्मक कार्यक्रम 47

**रचनाएँ:–**

1. मंजिल। .................... 51
2. मैं नारी हूँ। .................... 51
3. मै अभी कारागृह में हूँ। .................... 52
4. प्रकृति की पुकार। .................... 52
5. माँ का प्यार। .................... 53
6. बिहारी की जिज्ञासा। .................... 54
7. नौकरी। .................... 55

**चित्रकला:–** .................... 56

परिवर्तन कारा सुधारात्मक पहल की साक्षी



# संपादक की कलम से .......

त्रैमासिक पत्रिका "परिवर्तन" के नवीन अंक आप सबके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मैं अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ। पाठकों द्वारा निरंतर मिलने वाली सकारात्मक प्रतिक्रिया तथा उनके सक्रिय जुड़ाव ने यह सिद्धकर दिया है कि इस पत्रिका ने अपनी प्रस्तुति और संपादन के स्तर पर एक प्रतिमान स्थापित कर लिया है।

इस अंक में माह अप्रैल–2024 से दिसम्बर–2024 तक संस्थान में हुए कार्यक्रमों एवं बिहार कारा सेवा, बिहार प्रोबेशन सेवा एवं बिहार अभियोजन सेवा के पदाधिकारियों व कर्मियों लगातार क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों एवं कारा में सुधारात्मक कार्यक्रमों व कारा में पदाधिकारियों/कर्मियों व बंदियों के स्वरचित रचनाएँ को रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया है, उम्मीद है कि आप सभी को यह पंसद आयेगी।

पत्रिका के प्रधान संपादक एवं पूरी संपादक मंडल का सहृदय आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके अथक प्रयास एवं सहयोग से इस पत्रिका का प्रकाशन संभव हो पाया है।

**शुभकामनाओं सहित।**

**नीरज कुमार झा**

निदेशक

बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान,

हाजीपुर (वैशाली)

# बिहार कारा सेवा के कक्षपालों के प्रशिक्षण सत्र का सत्रावसान एवं पारण परेड।

दिनांक–03.06.2024 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर में राज्य के विभिन्न काराओं के वर्ष 2015 में भूतपूर्व सैनिक / होमगार्ड कोटे से नियुक्त 112 (एक सौ बारह) कक्षपालों के प्रशिक्षण सत्र का सत्रावसान परेड सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री प्रणव कुमार, भा0प्र0से0, सचिव गृह–सह– महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना थे।

पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि, श्री प्रणव कुमार, भा0प्र0से0, सचिव गृह–सह–महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना ने परेड की सलामी ली एवं मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु कक्षपालों ने ओजस्वी एवं उत्साह पूर्वक उपस्थित मुख्य अतिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षु कक्षपालों को कर्त्तव्य निष्ठा, तत्परता एवं राष्ट्र सेवा से संबंधित शपथ दिलाया गया। श्री शैलेश कुमार, कक्षपाल, उपकारा, मसौढ़ी को सर्वश्रेष्ठ परेड कमांडर के लिए साथ ही प्लाटून कमांडर, राष्ट्रीयध्वज वाहक, काराध्वज वाहक, उत्कृष्ट पी0टी0 व ड्रील एवं उत्कृष्ट अनुशासन के लिए भी संबंधित प्रशिक्षुओं को मेडल प्रदान किया गया। Over all Topper 1st, 2nd & 3rd Rank प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को मेडल, मार्चपास्ट एवं परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्लाटून कमांडर–02 को चयनित कर सम्मानित किया गया तथा प्रशिक्षण के दौरान आयोजित विभिन्न प्रकार के खेलों के विजेता एवं उपविजेता टीम को भी पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में संबोधन करते हुये श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने उपस्थित मुख्य अतिथि एवं सभी मंचासीन पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि आज वर्ष 2015 में भूतपूर्व सैनिक / होमगार्ड कोटे से नियुक्त 112 (एक सौ बारह) कक्षपालों का 03 माह के सांस्थिक प्रशिक्षणोंपरान्त समापन कार्यक्रम है, जिसमें कक्षपाल पूर्णतः प्रशिक्षित होकर अपने कर्तव्य पर जाएंगे, उन्होंने सभी को प्रशिक्षित होने पर शुभकामनाएँ दी। उन्होंने प्रशिक्षित कक्षपालों को संबोधित करते हुये कहा कि आज आपमें एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है, इसका पूरा श्रेय सीखने के प्रति आपकी जिज्ञासा, सभी अनुदेशकों का मेहनत एवं पूरी BICA की टीम को जाता है। उन्होंने प्रशिक्षित कक्षपालों को प्रशिक्षण के दौरान सहनशीलता, अनुशासन एवं समन्वय बनाये रखने के लिये प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अपने कार्य स्थल पर निरंतरता बनाये रखते हुए अनुशासन का परिचय देने हेतु कहा।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि, श्री प्रणव कुमार, भा0प्र0से0, सचिव गृह–सह–महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना ने पासिंग आउट परेड के सफलतापूर्वक संचालन हेतु सभी को धन्यवाद दिया। प्रशिक्षण पूर्णता के उपरान्त आपके द्वारा भव्य परेड का प्रदर्शन किया गया है, जो सराहनीय है। BICA की पूरी टीम एवं अनुदेशक इसके लिये बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षित कक्षपालों को वर्दी की महत्ता तथा उनके कर्त्तव्यों का बोध कराते हुए शुभकामनाएँ दी। साथ ही बताया कि आप अपने कार्यों का निष्पादन अपने कर्तव्य स्थल पर पूरी निष्ठा एवं अनुशासन के साथ करें। पुनः उन्होंने पासिंग आउट परेड में बेहतरीन प्रदर्शन हेतु सभी को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि को निदेशक BICA द्वारा शॉल एवं प्रतीक चिन्ह् प्रदान किया गया। संस्थान के दशरथ मांझी सभागार में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सभी प्रशिक्षित कक्षपालों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के परिसर स्थित STP के निकट Open Gym एवं शहीद स्मारक पार्क का उद्घाटन निदेशक, BICA एवं सहायक कारा महानिरीक्षक (मु0) द्वारा किया गया।

# कार्यक्रम की झलकियाँ

























दैनिक भास्कर

लालगंज • वैशाली • भगवानपुर

**कार्यक्रम** • काराओं में पूर्व सैनिक, होमगार्ड कोटे से नियुक्त 112 कक्षपालों के प्रशिक्षण सत्र का सत्रावसान परेड सम्पन्न

# निष्ठा से अपना काम निपटाएं कक्षपाल

## बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान में मिला प्रशिक्षण, उन्हें सर्टिफिकेट भी दिए गए

सिटी रिपोर्टर | हाजीपुर

[illegible]



कक्षपालों को कर्तव्य निष्ठा व राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाते मुख्य अतिथि



प्रशिक्षु कक्षपालों को बैज लगाते प्रणव कुमार।

### पासिंग आउट परेड सफल होना सभी के लिए है काफी महत्वपूर्ण

[illegible]

### इनकी रही उपस्थिति

[illegible]

### वे हुए पुरस्कृत

[illegible]

### उत्साह के लिए नियमित रूप से करें पीटी परेड

[illegible]



# New Criminal Law 2023 विषय पर अभियोजन सेवा के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

दिनांक–25.05.2024, 09.06.2024 एवं 13.06.2024 से 16.06.2024 तक बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली के प्रशासनिक भवन में नवनियुक्त अभियोजन पदाधिकारियों का वृहत आपराधिक कानून 2023 (New Criminal Law 2023) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अभियोजन कोषांग, BICA, हाजीपुर द्वारा कराया गया। उक्त कार्यशाला में अभियोजन निदेशालय, गृह विभाग, बिहार, पटना द्वारा क्रमशः 77, 99 एवं 391 अभियोजन पदाधिकारियों ने भाग लिया।

दिनांक–25.05.2024 को इस कार्यशाला को संबोंधित करते हुये मुख्य अतिथि श्री सुधांशु कुमार चौबे, निदेशक, अभियोजन निदेशालय, बिहार, पटना ने कहा कि नये आपराधिक कानून जो 01 जुलाई 2024 से क्रियान्वित हो जाएगा, उसके सफल क्रियान्वयन हेतु अभियोजन की महत्ती भूमिका होगी। फलतः यह एकदिवसीय कार्यशाला आपके लिये बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। अभियोजन आपराधिक न्याय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है। अतः न्याय प्राप्ति हेतु नये कानूनों का क्रियान्वयन करते हुये ससमय न्याय उपलब्ध कराना आपकी जिम्मेवारी है। इस कार्यशाला से आप सभी लाभान्वित होते हुये अपनी कार्यशैली को और धारदार बनाऐंगे, अभियोजन निदेशालय इसकी अपेक्षा करता इसके साथ ही निदेशक अभियोजन द्वारा इस प्रकार की कार्यशाला को नियमित कराये जाने का निदेश भी उपनिदेशक, अभियोजन कोषांग, BICA, हाजीपुर को दिया। साथ ही यह भी निदेशित किया कि अभियोजकों को किताबी ज्ञान के साथ–साथ व्यवहारिक ज्ञान पर भी जोड़ दिया जाए।

दिनांक–15.06.2024 कार्यशाला को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि श्री प्रणव कुमार, सचिव गृह–सह–महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि इसे एकदिवसीय कार्यशाला में आप सभी उपस्थित हुये हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से आपको बताया जाएगा कि अभियोजन ICJS के तहत् किस प्रकार कार्य करता है। जिसमें E-Prosecution की भूमिका किस प्रकार महत्वपूर्ण होती है। नये आपराधिक कानून जो 01 जुलाई 2024 से क्रियान्वित हो जाएगा, उसके सफल क्रियान्वयन हेतु भी अभियोजन की विशेष भूमिका रहेगी। अभियोजन आपराधिक न्याय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है, आपको सांस्थिक प्रशिक्षण द्वारा भी प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे आपको भविष्य में अपने कार्यक्षेत्र में आसानी होगी तथा त्वरित न्याय में सफलता मिलेगी। आप सभी पदाधिकारी कार्यशाला के माध्यम से राज्य सरकार की न्याय प्रणाली को मजबूत किये जाने हेतु पूर्ण मनोयोग से सीखें, जिससे आपको कार्य निष्पादन में सहायता मिलेगी।

# कार्यक्रम की झलकियाँ
















सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान हाजीपुर, वैशाली

# प्रोबेशन दिवस के अवसर पर Probation Relevancy, Opportunity & Challenges विषय पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन।

15 जून 1959 से "The Probation of Offenders Rules, 1959' लागू होने के उपलक्ष्य में राज्य में प्रोबेशन कार्यों में गतिशीलता एवं उत्कृष्टता प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक–15.06.2024 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर में एकदिवसीय राज्यस्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि श्री नितिन नवीन, माननीय विधि–सह–नगर विकास मंत्री, बिहार एवं विशिष्ट अतिथि श्री प्रणव कुमार, भा0प्र0से0, सचिव गृह–सह–महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना थे। इस सेमिनार में राज्य प्रोबेशन सेवा के वरीय पदाधिकारियों सहित लगभग 150 (एक सौ पचास) पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सभागार में आगमन के पश्चात् मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं मंचासीन पदाधिकारियों को पौधा प्रदान कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर श्री रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव–सह–निदेशक (प्र0), कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना ने माननीय मंत्री तथा अन्य पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुये कहा कि यह दिन प्रोबेशन का ऐतिहासिक दिवस है, जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज के दिन ही प्रोबेशन का उदय हुआ था। आप सभी प्रोबेशन सेवा के पदाधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हुये प्रोबेशन को आगे ले जा रहे हैं। आपका मुख्य उद्देश्य अपराधी को अभ्यासिक अपराधी बनने से रोकना है। पुनः उन्होंने सभी पदाधिकारियों को इस ऐतिहासिक दिवस की शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर प्रोबेशन सेवा के Souvenir & Logo का विमोचन किया गया तथा बिहार आपराधिक परीवीक्षा नियमावली पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उपस्थित पदाधिकारियों को जानकारी दी गई। साथ ही प्रोबेशन पर बनी Documentary फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।



इस अवसर पर श्री प्रणव कुमार, भा0प्र0से0, सचिव गृह–सह–महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना ने माननीय विधि–सह–नगर विकास मंत्री, बिहार एवं उपस्थित पदाधिकारियों को प्रोबेशन सेवा के 66वीं वर्षगांठ के अवसर पर उपस्थित होने हेतु बधाई दी। सर्वप्रथम उन्होने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा कथित शब्द "अपराध से घृणा करो, अपराधी से नहीं" पर अपने संबोधन से उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने राज्य में प्रोबेशन सेवा के संरचनात्मक एवं प्रक्रियात्मक सुधार के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की रूपरेखा से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति महत्वपूर्ण है, जिसका

समाज में अलग योगदान रहता है, काराओं में संसीमित बंदियों के पुर्नवास में प्रोबेशन की विशेष भूमिका रहती है। प्रोबेशन के प्रयास से ही बंदी काराओं से निकलकर समाज की मुख्य धारा में जुड़ते हैं। समाज या पूरे परिवेश के लिये यह विशेष महत्व रखता है। उन्होंने प्रोबेशन पदाधिकारियों की भूमिका, कार्यशैली एवं सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि लोगों को त्वरित न्याय मिले, इस पर Criminal Justice System के तहत् कार्य किया जाना अपेक्षित है। प्रोबेशन सेवा की मजबूती हेतु विशेष प्रयास किये जाए, सरकार इसके लिये संकल्पित है। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारियों की भूरि–भूरि प्रशंसा की, जिन्होंने अपने अथक प्रयास से इस कार्यक्रम को सफल बनाया है।

इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2023–24 में उत्कृष्ट कार्य हेतु भागलपुर, बेगूसराय, बेतिया, बेनीपट्टी, दाउदनगर एवं विक्रमगंज प्रोबेशन कार्यालय को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नितिन नवीन, माननीय विधि–सह–नगर विकास मंत्री, बिहार ने उपस्थित पदाधिकारियों को आज प्रोबेशन दिवस के 66वीं वर्षगांठ के अवसर पर संबोधित करते हुये कहा कि कानून केवल सजा देने के लिये नहीं है, कानून सुधार हेतु भी है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु आप सभी पदाधिकारी अथक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बिहार द्वारा The Probation of Offenders Rules, 1959' लागू किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उपस्थित पदाधिकारियों को कहा कि अपराधियों को त्वरित न्याय दिलाते हुये मुख्य धारा में लाना आपका नैतिक कर्त्तव्य है। आप सभी पदाधिकारी पूर्ण मनोयोग से कार्य करते रहे। उन्होंने पदाधिकारियों को समाज में अपने विवेक से कार्य करने हेतु कहा, ताकि समाज पर उसका गलत प्रभाव नहीं पड़े। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कृत पदाधिकारियों को भी उन्होंने अपनी शुभकामनाएँ दी और भविष्य में भी पूरी निष्ठा एवं कार्य करने की जिजीविषा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने प्रोबेशन पदाधिकारियों से कहा कि आप अपने विशेष प्रयास से काराओं में संसीमित बंदी को बाहर निकालकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाये, जिससे उनका समाज में उनका स्थान बने।



इस अवसर पर निदेशक, BICA द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक, वैशाली को सप्रेम शॉल, प्रतीक चिन्ह् एवं प्रोबेशन का लोगो प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रोबेशन निदेशालय की तरफ से सभी पदाधिकारियों को प्रोबेशन का लोगो प्रदान किया गया। मंच संचालन का कार्य श्री उज्ज्वल कुमार एवं श्रीमती ज्योत्सना सिंह, प्रोबेशन पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर श्री संजीव जमुआर, संयुक्त सचिव–सह–निदेशक, डॉ0 दीपारानी सिंह, निदेशक, कारा चिकित्सा, निदेशक, प्रोबेशनचर्या, श्री राजीव कुमार सिंह, सहायक कारा महानिरीक्षक (मु0), डॉ0 राजाराम प्रसाद, उपनिदेशक, कारा चिकित्सा, श्री रूपक कुमार, काराधीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना श्री रवि कान्त देव, उपनिदेशक, अभियोजन कोषांग, श्री धर्मेश कुमार, सहायक निदेशक, अभियोजन निदेशालय, श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA, हाजीपुर, सुश्री अंकिता कुमारी, प्रोबेशन पदाधिकारी, BICA, हाजीपुर एवं बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## कार्यक्रम की झलकियाँ






















बिहार प्रोबेशन सेवा के




सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान हाजीपुर, वैशाली

# New Criminal Law 2023 विषय पर राज्य की काराओं के सभी कारा कर्मियों/पदधिकारियों का एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण।

कारा एवं सुधार सेवाएँ, गृह विभाग (कारा), बिहार के निर्देशानुसार बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर द्वारा राज्य की काराओं में पदस्थापित बिहार कारा सेवा के पदाधिकारी एवं कर्मियों को दिनांक–01.07.2024 से लागू होने वाले तीन कानूनों यथा–भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सबंधं में दिनांक–23.06.2024 को ऑनलाईन माध्यम में प्रशिक्षण कराया गया ।























# प्रोन्नति प्राप्त निम्नवर्गीय/उच्च वर्गीय/प्रधान लिपिकों का प्रशिक्षण प्रारंभ

दिनांक–22.05.2024 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली में राज्य की काराओं में कार्यरत प्रोन्नति प्राप्त निम्नवर्गीय लिपिक, उच्च वर्गीय लिपिक एवं प्रधान लिपिकों का दो सप्ताह तक प्रशिक्षण कराया गया। इस प्रशिक्षण का उद्धाटन में निदेशक, BICA, उपनिदेशक, BICA के साथ संस्थान के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का मूल उदेश्य इनके कार्यशैली में वृद्धि करना है।

## कार्यक्रम की झलकियाँ









# कार्यक्रम की झलकियाँ



















## New Criminal Law 2023 विषय पर अभियोजन सेवा के पदाधिकारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

दिनांक–25.06.2024 से 27.06.2024 तक बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली के प्रशासनिक भवन में नवनियुक्त अभियोजन पदाधिकारियों का वृहत आपराधिक कानून 2023 (New Criminal Law 2023) विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अभियोजन कोषांग, BICA, हाजीपुर द्वारा कराया गया। उक्त कार्यशाला में अभियोजन निदेशालय, गृह विभाग, बिहार, पटना द्वारा 165 अभियोजन पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## कार्यक्रम की झलकियाँ















# बिहार कारा सेवा के कक्षपालों के प्रशिक्षण सत्र का सत्रावसान एवं पारण परेड।

बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर में राज्य के विभिन्न काराओं के वर्ष 2015 में भुतपूर्व सैनिक/होमगार्ड कोटे से नियुक्त 116 (एक सौ सोलह) कक्षपालों के प्रशिक्षण सत्र का सत्रावसान परेड सम्पन्न हुआ।

पासिंग आउट परेड में श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने परेड की सलामी ली एवं मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु कक्षपालों ने ओजस्वी एवं उत्साह पूर्वक उपस्थित पदाधिकारी को सलामी दी। इस अवसर पर श्री रूपक कुमार, अधीक्षक, मंडल कारा, हाजीपुर द्वारा प्रशिक्षु कक्षपालों को कर्त्तव्य निष्ठा, तत्परता एवं राष्ट्र सेवा से संबंधित शपथ दिलाया गया। श्री श्रवण कुमार राम, कक्षपाल, मंडल कारा, बांका को सर्वश्रेष्ठ परेड कमांडर के लिए साथ ही प्लाटून कमांडर, राष्ट्रीयध्वज वाहक, काराध्वज वाहक, उत्कृष्ट पी0टी0 व ड्रील के लिए भी संबंधित प्रशिक्षुओं को मेडल प्रदान किया गया। Over all Topper 1st, 2nd & 3rd Rank प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को मेडल से सम्मानित किया गया तथा प्रशिक्षण के दौरान आयोजित विभिन्न प्रकार के खेलों के विजेता एवं उपविजेता टीम को भी पुरस्कृत किया गया।



इस कार्यक्रम में संबोधन करते हुये श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने उपस्थित सभी मंचासीन पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज वर्ष 2015 में भुतपूर्व सैनिक/होमगार्ड कोटे से नियुक्त 116 (एक सौ सोलह) कक्षपालों के द्वितीय बैच का 03 माह के सांस्थिक प्रशिक्षणोंपरान्त समापन कार्यक्रम है, जिसमें कक्षपाल पूर्णतः प्रशिक्षित होकर आज यहाँ से अपने कर्तव्य पर जाऐंगे, उन्होंने सभी को प्रशिक्षित होने पर शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि बड़े ही हर्ष की बात है कि विशिष्ट अतिथि, श्री ओम प्रकाश, सेवानिवृत न्यायधीश एवं पूर्व राज्य सूचना आयुक्त, बिहार, पटना द्वारा इस परेड की सराहना की गई है। उन्होंने प्रशिक्षित कक्षपालों को संबोधित करते हुये कहा कि आज आपमें एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है, इसका पूरा श्रेय सीखने के प्रति आपकी जिज्ञासा, सभी अनुदेशकों का मेहनत एवं पूरी BICA की टीम को जाता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अनुदेशकों की विशेष सराहना की, जिन्होंने प्रशिक्षक के तौर पर अपने कार्यो का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया है। उन्होंने प्रशिक्षित कक्षपालों को सहनशीलता, अनुशासन एवं समन्वय बनाये रखने के लिये प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अपने कार्य स्थल पर निरंतरता बनाये रखते हुए अनुशासन का परिचय देने हेतु कहा। उन्होंने कक्षपालों को कहा कि आप सभी कारा में जाने के बाद भी पी0टी0, परेड नियमित रूप से करें, जिससे आपका उत्साह बना रहे, जिससे आप काराओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुये BICA को भी गौरवान्वित करेंगे।

संस्थान के दशरथ मांझी सभागार (ऑडिटोरियम) में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा सभी प्रशिक्षित कक्षपालों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में श्री अमित कुमार, सहायक निदेशक, अभियोजन कोषांग, BICA, हाजीपुर द्वारा निदेशक, BICA, उपनिदेशक, अभियोजन कोषांग, काराधीक्षक, मंडल कारा, हाजीपुर सहित सभी मंचासीन पदाधिकारियों का धन्यवाद किया गया साथ ही साथ उन्होंने इस अवसर पर संस्थान के कर्मी तथा उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं एवं उनके परिजनों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

पासिंग आउट परेड कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य सुश्री अंकिता कुमारी, प्रोबेशन पदाधिकारी, BICA, हाजीपुर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि, श्री ओम प्रकाश, सेवानिवृत न्यायधीश एवं पूर्व राज्य सूचना आयुक्त, बिहार, पटना, श्री रवि कान्त देव, उपनिदेशक, अभियोजन कोषांग, BICA, हाजीपुर, श्री रूपक कुमार, काराधीक्षक, मंडल कारा, हाजीपुर, श्री ओम प्रकाश शांति भूषण, विशेष कार्य पदाधिकारी, BICA, हाजीपुर, श्री अमर शक्ति, उपनिदेशक, BICA, हाजीपुर, श्री अभय कुमार सिंह, अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी, BICA, हाजीपुर, आई0टी0 प्रबंधक, प्रधान लिपिक, परीक्ष्यमान काराधीक्षक, परीक्ष्यमान प्रोबेशन पदाधिकारी, प्रशिक्षु सहायक अधीक्षक एवं BICA, हाजीपुर के सभी कर्मी तथा सभी प्रशिक्षुओं के परिजन उपस्थित थे।

## कार्यक्रम की झलकियाँ




























बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान हाजीपुर, वैशाली

# Sensitization of Prison Officials regarding New Criminal Laws विषय पर कारा एवं प्रोबेशन सेवा के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "Sensitization of Prison Officials regarding New Criminal Laws" विषय पर राज्य की काराओं के काराधीक्षक, उपाधीक्षक एवं सहायक अधीक्षक तथा बिहार प्रोबेशन सेवा के प्रोबेशन पदाधिकारियों का दिनांक–18.07.2024 से 20.07.2024, 25.07.2024 से 27.07.2024, 08.08.2024 से 10.08.2024, एवं 21.08.2024 से 23.08.2024 तक बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली के दशरथ मांझी सभागार (ऑडिटोरियम) में का तीन–तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

उक्त सभी प्रशिक्षण का उदघाटन श्री नीरज कुमार झा, निदेशक BICA, एवं BICA के अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA, हाजीपुर ने बताया कि New Criminal Laws विगत् 01 जुलाई 2024 से पूरे देश में प्रवृत्त है। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में आपको प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न कानूनों, नये–नये नियमों तथा नये Articles तथा BNS, BNSS के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सभी पदाधिकारी पूर्ण मनोयोग एवं अनुशासन के साथ इसका लाभ उठाएँ, जिससे सभी प्रतिभागियों को कार्य करने में आसानी होगी। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि जिस प्रकार नया–नया कानून लाया जा रहा है। हमें भी उसके मुताबिक अपने–आप में बदलाव लाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में सभी आवश्यक विषयों का चयन किया गया है। सभी प्रतिभागी पूरे धैर्य के साथ इस प्रशिक्षण सत्र का लाभ प्राप्त करें।

# कार्यक्रम की झलकियाँ






















FOR PRISON OFFICIALS & PROBATION
OFFICERS



















# स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित राजकीय परेड

स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2024) पर आयोजित राजकीय परेड में गृह (कारा) विभाग के महिला कक्षपालों की एक टोली, जिसमें कुल–69 महिला कक्षपाल एवं 03 सहायक अधीक्षक को संस्थान द्वारा पूर्वाभ्यास करा शामिल कराया गया है।

## परेड की झलकियाँ
















सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान हाजीपुर, वैशाली

# प्रोबेशन पदाधिकारियों के सांस्थिक प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम

दिनांक–26.10.2024 बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) से चयनित 67th बैच के कुल 04 नवनियुक्त प्रशिक्षु प्रोबेशन पदाधिकारियों के सांस्थिक प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम संपन्न किया गया।

इस अवसर पर पुरे प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु 1th, 2nd एवं 3rd रैंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं को मेडल से पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA, ने उपस्थित सभी मंचासीन पदाधिकरियो एवं प्रशिक्षु पदाधिकायों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों को प्रशिक्षित होने शुभकामनाएं दी, साथ ही उन्होंने प्रशिक्षु पदाधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान सहनशिलता, अनुशासन एवं समन्वय बनाए रखने के लिए प्रशन्नता व्यक्त करते हुए उपने कार्य स्थल पर भी निरन्तरता बनाए रखते हुए अनुशासित रहने का निर्देश दिया।

इस कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षु पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण से संबंधित अनुभव को साझा किया गया साथ ही सभी प्रशिक्षुओं द्वारा निदेशक BICA, काराधीक्षक, मंडल कारा, हाजीपुर, एवं BICA, के सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में श्री रूपक कुमार, काराधीक्षक, मंडल कारा, हाजीपुर, श्री ओम प्रकाश शांति भूषण, विशेष कार्य पदाधिकारी, BICA, हाजीपुर, श्री अमर शक्ति, उपनिदेशक, BICA, हाजीपुर, श्री अभय कुमार सिंह, अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी, BICA, हाजीपुर, सुश्री अंकिता कुमारी, प्रोबेशन पदाधिकारी, BICA उपस्थित थे।

## कार्यक्रम की झलकियाँ
















शहीद खुदीराम बोस सेल















प्रोबेशन पदाधिकारीगण का सांस्थिक प्रशिक्षण ( पंचम बैच )
( दिनांक- 18-04-2024 से 26-10-2024 )

## प्रोबेशन कार्यालयों में कार्यरत कार्यालय परिचारी के कर्मियों का 03 दिवसीय सांस्थिक प्रशिक्षण

दिनांक–19.12.2024 से 21.12.2024 तक बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली में राज्य की **प्रोबेशन कार्यालय में पदस्थापित कार्यालय परिचारी के कर्मियों** का 03 दिवसीय सांस्थिक प्रशिक्षण हुआ। उक्त कार्यक्रम का मूल उद्देश्य इनके कार्यशैली में वृद्वि करना है।

## प्रशिक्षण की झलकियाँ








## वित्तीय वर्ष 2024-25 में सामान्य परिषद से अनुमोदित प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुरूप संपन्न ऑनलाईन प्रशिक्षण की सूची :-

| क्र0 | प्रशिक्षण कोर्स | प्रशिक्षण अवधि | प्रशिक्षुओं की उपस्थिति | प्रारम्भ की तिथि | समापन की तिथि | अतिथि संकाय का नाम | संवर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बिहार कारा सेवा एवं बिहार प्रोबेशन सेवा के पदाधिकारी/कर्मियों का "सेवापुस्त संधारण, अवकाश लेखा का संधारण, अवकाश की प्रविष्टि, दंड के प्रकार एवं प्रविष्टि तथा प्रोन्नति, प्रोन्नतियों की प्रविष्टि, ACP/MACP स्थानापन्न प्रोन्नति" विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 01 दिन | 150 | 04.11.2024 | 04.11.2024 | **श्री कामेश्वर पाण्डेय,** भूतपूर्व वित पदाधिकारी सह–प्रषासनिक पदाधिकारी, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विष्वविद्यालय पटना। | सभी काराधीक्षक, सभी प्रोबेशन पदाधिकारी, स्थापना प्रभारी, सहायक अधीक्षक एवं कारा लिपिक |
| 02 | बिहार कारा सेवा के काराधीक्षक एवं बिहार प्रोबेशन सेवा के प्रोबेशन पदाधिकारियों का " Cyber Crime " से संबंधित विषय पर एकदिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 01 दिन | 236 | 14.11.2024 | 14.11.2024 | **श्री राजेश कुमार, ASI** | सभी काराधीक्षक प्रोबेशन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदा0/कर्मी |
| 03 | काराओं में स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 01 दिन | 135 | 23.11.2024 | 23.11.2024 | **डॉ0 प्रशांत सिन्हा,** उपनिदेशक, कारा चिकित्सा सेवा, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना। | सभी कारा चिकित्सक, मिश्रक एवं परिधापक |
| 04 | Human Rights of Prisoners (Latest guidelines) से संबंधित विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 01 दिन | 115 | 23.11.2024 | 23.11.2024 | Sri Shailendra Kr. Singh, Registrar, BHRC. | सभी काराधीक्षक, उपाधीक्षक, सहायक अधीक्षक एवं कारा लिपिक |
| 05 | Role of DDO Under Bihar Service Code & Role of DDO Under Bihar Treasury Code से संबंधित विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 01 दिन | 160 | 25.11.2024 | 25.11.2024 | **श्री कामेश्वर पाण्डेय,** भूतपूर्व वित्त पदाधिकारी सह–प्रषासनिक पदाधिकारी, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विष्वविद्यालय पटना। | काराधीक्षक एवं प्रोबेशन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी |

| क्र0 | प्रशिक्षण कोर्स | प्रशिक्षण अवधि | प्रशिक्षुओं की उपस्थिति | प्रारम्भ की तिथि | समापन की तिथि | अतिथि संकाय का नाम | संवर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | New Criminal Law 2023 (BNS, BNSS) विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 01 दिन | 111 | 29.11.2024 | 29.11.2024 | **Sri Ashutosh Kumar,** Asst. Prof., Amity Law School, Amity University, Patna, Former Legal Officer Asian African, Consulative Organisation, New Delhi. | सभी काराधीक्षक उपाधीक्षक एवं संबंधित कर्मी |
| 07 | TA, Medical Reimbursement, Receipt एवं रोकड़ बही से संबंधित सामान्य नियम, रोकड़ बही संधारण की प्रक्रिया तथा सेवान्त लाभ की गणना एवं सेवान्त लाभ से संबंधित विपत्र पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 01 दिन | 236 | 02.12.2024 | 02.12.2024 | **श्री कामेश्वर पाण्डेय,** भूतपूर्व वित्त पदाधिकारी सह–प्रशासनिक पदाधिकारी, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विष्वविद्यालय पटना। | सभी काराधीक्षक प्रोबेशन पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदा0 / कर्मी |
| 08 | Prevention of Corruption Act विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 01 दिन | 111 | 07.12.2024 | 07.12.2024 | श्री अरूण कुमार ठाकुर, विशेष कार्य पदाधिकारी, निगरानी विभाग, पटना, बिहार | काराधीक्षक एवं प्रोबेशन पदाधिकारी |
| 09 | Juvenile delinquency and role of Probation Officers से संबंधित विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 01 दिन | 70 | 21.12.2024 | 21.12.2024 | Sri Rakesh kumar, State Consultant, SCPS/UNICEF. | प्रोबेशन पदाधिकारी |
| 10 | Components of Organizational Behaviour विषय पर एक दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम। | 01 दिन | 110 | 27.12.2024 | 27.12.2024 | Dr. Kirti, Asst. Professor, CNLU, Patna. | काराधीक्षक एवं प्रोबेशन पदाधिकारी |

## राज्य के काराओं में चौमुखी सुधार एवं बंदियों हेतु सुधारात्मक कार्यक्रम की झलकियाँ

### केन्द्रीय कारा, गया

केन्द्रीय कारा, गया में प्रतिदिन केन्द्र स्थल से प्रार्थना, राष्ट्रगान, भक्ति संगीत तथा Public Address System अधिष्ठापित "रेडियो दोस्ती" के माध्यम से संचालित किया जाता है:-




केन्द्रीय कारा, गया।

कारा में उपलब्ध वाद्य यंत्रों द्वारा पूर्व से संगीत एवं वादन में जानकारी रखने वाले बंदियों द्वारा संगीत एवं वादन में रूची रखने वाले नये बंदियों को प्रशिक्षित किया जाता है एवं समय-समय पर उनके द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है:-



केन्द्रीय कारा, गया।

महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के लिए कारा में बालबाड़ी (क्रेच) अधिष्ठापित है, जिसमें कारा में महिला कक्षपाल एवं शिक्षित महिला बंदियों द्वारा बच्चों एंव अशिक्षिति महिला बंदियों को शिक्षण एवं अक्षर ज्ञान दिया जाता है:–


केन्द्रीय कारा, गया।


केन्द्रीय कारा, गया।

कारा में अघिष्ठापित व्यायामशाला (जिम), का उपयोग बंदियों द्वारा प्रतिदिन प्रातः एवं संध्या में किया जाता है। साथ ही साथ समय–समय पर आर्ट ऑफ लिविंग, गया एवं अन्य संस्थानों द्वारा बंदियो को पी0टी0, योग, प्राणायाम एवं ध्यान का प्रशिक्षण दिया जाता है।


केन्द्रीय कारा, गया।


केन्द्रीय कारा, गया।

➤ **साक्षरता कार्यक्रम**–कारा में संसीमित निरक्षर महिला एवं पुरूष बंदियों को साक्षर करने हेतु कारा में संसीमित साक्षर बंदी जो स्वेच्छा से पढ़ा सकते है को पढ़ाने का दायित्व दिया गया है। साथ ही राज्य साधन केन्द्र दीपायत्तन, पटना के द्वारा प्रकाशित प्रवेशिक "अक्षर की डोर" एवं "दस्तक" को सिलेबस के रूप में पढ़ाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 47 बंदी प्रतिदिन लाभन्वित हो रहे है।

- जुलाई 2024 से दिसम्बर 2024 तक IGNOU के CFN के अंतर्गत 134 बंदियों का नामांकित हुए है।
- कौशन विकास के अंतग्त 20 महिला बंदयिों का ब्यूटीशियन एवं 30 बंदियों को इलेक्ट्रीक ट्रेड का प्रशिक्षण हेतु जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, गया को अनुरोध किया गया है।



केन्द्रीय कारा, गया।



केन्द्रीय कारा, गया।

उपरोक्त कार्यक्रमों से बंदियो की दिनचर्या व्यवस्थित हुई है, उनके आचरण एवं व्यवहार में गुणात्मक परिर्वतन आया है। बंदियों की सोच सकारात्क परिवर्तन हुआ है एवं अनुशासन की भावना में वृद्वि हुई है तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक स्थिति में बदलाव आया है। इससे कारा मुक्ति के पश्चात समाज की मुख्यधार में शामिल होकर अच्छे नागरिक बनने में सहायता मिलेगी।

# मंडल कारा, मधुबनी

मंडल कारा मधुबनी में संसीमित बंदियों के पठन–पाठन एवं कौशन विकास हेतु "मिशन विहान–कारा सुधार अभियान" के अंतर्गत बंदियों को प्रारंभिक शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी तथा निरक्षर बंदियों को साक्षर बनने, चित्रकला एवं कारा मुक्ति के पश्चात् समाज के पश्चात् समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से उपरोक्त कार्यक्रम समय–समय पर कराया जा रहा है, जिसमें विचारधीन बंदी श्री विश्वनाथ महतो द्वारा भवरू चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए अन्य बंदियों में उत्साह की भावना को प्रेरित किया है, एवं इनके द्वारा बनाया गया मधुबनी पेंटिंग की विशेष कालाकृति को बिक्री हेतु मुक्ति बाजार, पटना में भी भेजा गया है।



मंडल कारा, मधुबनी में संसीमित महिला बंदियों को NGO द्वारा ब्युटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है, जिसमें प्रशिक्षित महिला बंदी के द्वारा स्वयं अपने आप को सौन्दर्यनीकरण के साथ होकर माननीय न्यायाधीश के निरीक्षण के समक्ष उपस्थित हुई थी, साथ प्रशिक्षित महिला बंदियों के द्वारा कारा मुक्ति के पश्चात् आत्मनिर्भर बनने का शपथ लेते हुए अन्य महिला बंदियों को प्रेरित किया गया है।



## मंजिल

मंजिल ने राही को, न ढूंढा कभी,
नावों ने साहिल को, न ढूंढा कभी।
अगर नभ को तुझे छुनी हो,
और राहे तेरी सूनी हो।
तु डरना नहीं, तु रूकना नहीं,
तू अग्नि बन, तु धार बन,
तू स्वयं ही, करतार बन,
करना है जो कुछ भी, तू करले अभी।
अंबर ने पंछी को रोका कभी,
मंजिल ने राही को, न ढूंढा कभी,
नावों ने साहिल को न ढूंढा कभी।।

**श्रीमती सोनी कुमारी,**
सहायक अधीक्षक,
मंडल कारा, औरंगाबाद

## मैं नारी हूँ।

मैं नारी हूँ, हॉ मै नारी हूँ।
बन प्रेम में गंगा बहती हँ।।
कल–कल लहरों से कहती हूँ।
निश्छल निर्मल सी काया हूँ।।
हर रूप में बंधी मैं माया हूँ।
मैं प्रेम भी हूँ, मैं क्रोध भी हूँ।।
लोरी ऑचल, मैं गोढ़ भी हूँ।
हूँ जिज्ञासा, संतुष्टी भी।।
हूँ श्रोत दया और पुष्टी भी।
मै त्याग, तपस्या, ममता हूँ।।
सब कुछ सहने की झमता हूँ।
चाँद, चाँदनी, श्रृंगार भी हूँ।।
मैं वरमाला सी हार भी हूँ।
हूँ अन्नपूर्ण, पोषण भरता हूँ।।
सृष्टी की सृजन करता हूँ।
रहूँ सौम्य रूप तो नारी हूँ।।
लो उग्र रूप तो काली हूँ।
मुझे खड़ग, खपड़ की चाह नहीं।।
मैं धार बीना ही आरी हूँ।
मैं देवी रूप अवतारी हूँ।।
जब प्रेम करू बलिहारी हूँ।
मै नारी हूँ, हाँ मैं नारी हूँ।।

**रिजवाना प्रवीण**
कक्षपाल

## मैं अभी कारागृह में हूँ

मैं अभी कारागृह में हूँ पर
मेरी रूह आज भी
बाहर के दुनिया में है
मेरे पंखो को काट
दिए गये है बार–बार
पर उड़ने के लिए
इस आसमां में आज भी
मेरे हौसलो में जान बाकी है
मेरे पांव में लगा दिये
गये है हजारों बेड़ियां
पर मेरे मन में उपज
रही इच्छाओं में आज
भी उत्साह बाकी है
मेरे खिलखिलाने पे
लगा दिये गये है
इस समाज की पहरेदारियां
पर मेरे मन में आज भी इस
समाज के पबति निश्छल
करूणा बाकी है...............

बंदी का नाम
**आनंद कुमार उर्फ नीरज कुमार**
श0 जु0 स0, केन्द्रीय कारा, भागलपुर

## प्रकृति की पुकार

धुँधली हुई दिशाएँ, ठाने लगा कुहासा,
कुचली हुई शिखा से, आने लगा धुआँ सा।
कोई मुझे बता दे, क्या आज हो रहा है
मुँह को छिपा तिमिर में क्यों तेज रो रह
बेचैन है हवाएँ, सब ओर बेकली है,
कोई नहीं बताता, किश्ती किधन चली है।
प्यारे स्वदेश के हित अंगार माँगता हूँ,
चढ़ती जवानियों का श्रृंगार माँगता हूँ।
मँझधार हैं, भँवर है, या पास है किनारा
यह नाश आ रहा या , सौभागयय का सितार
त्म–बोधिनी किरण का संधान मॉगता हूँ
ध्रुव की कटिन धड़ी में पहचान मॉगता
भींगी–खुली पलों में रातें गुजारते है,
सेती बसुंारा जब तुमको पुकारते है
विष का सदा लहु में संचार मॉगता हूँ,
बेचैन जिन्दगी का मैं त्यार मॉगता हूँ।।

बंदी का नाम
**सन्याल कुमार**
श0 जु0 स0, केन्द्रीय कारा, भागलपुरं

# माँ का प्यार




माँ एक ऐसा शब्द है, जिसे सुनते ही मन में खुशी उमड़ आती है। माँ से अधिक बच्चों को कोई प्यार नहीं दे सकता है। माँ के बिना संसार सूना है और माँ के प्यार के बिना जीना मुश्किल होता है। इस संसार में माँ एक ऐसी होती है जो अपने बच्चों की हर दुःख दर्द को दूर करती है इस संसार में माँ ही बिना स्वार्थ के अपने बच्चों से प्यार करते है। माँ इतनी प्यारी होती है कि बच्चे अपने सारे समस्या माँ के पास ही लेकर आते है। उसे विश्वास है कि माँ सारी समस्याओं को दूर कर देगी। माँ की ममता से बढ़ कर इस संसार में कुछ नहीं है माँ का ममता, दुलार, प्यार अविस्मरणीय होता है। चाहे बच्चे कितना ही बड़े क्यों न हो जाएं, वह अपने माँ के लिए बच्चें ही होते है। माँ सदा अपने बच्चों की भला चहती है। माँ के सिवा इस संसार में सच्चा कुछ नहीं है। माँ का प्यार ऐसा होता है कि वर्णन नहीं किया जा सकता । माँ के प्यार के वारे में जितना लिखा जाएगा कम होगा। क्योंकि माँ खुद भूखा रहती है पर बच्चों को खिलाती है, खुद रात को जागती है पर बच्चें को सुलाती है इतना त्याग, बलिदान माँ के अलावा दूसरा कोई नहीं कर सकता । जब बच्चें बिमार हो जाता है तो माँ के सारे खुशी खत्म हो जाती है। ये सब माँ का त्याग ही है। माँ अपने बच्चे के अच्छे के लिए अपनी सारी खुशिओं को त्याग सकती है, हर मुश्किालों का समाना कर सकती है। जब बच्चों की जान पर बन आती है, तो माँ अपनी जान की बाजी लगाकर भी अपने बच्चें की रक्षा करती है। और यह हर माँ करती है चाहे वह इंसान की माँ हो या पशु–पक्षी की माँ हो। माँ का प्यार अतुलनिय है। माँ का प्यार ही बच्चों में अच्छी गुण पैदा करती है। माँ हमेशा अपने बच्चों को सुखी और खुशहाल देखना चाहतीं है। माँ हर हाल में पुजनिए है मगर इस आधुनिक युग में माँ अपने बच्चों को प्यार करन में कोई कसर नहीं छोड़ती है, पर वहीं बच्चे अपने बुढ़े माता–पिता को अपने प्यार के लायक नहीं मानते है। वह इतना व्यस्त होता है कि माता–पिता को कोई खबर ही नहीं रहता है, माँ जिस बच्चों को पालने–पोषन मे अपना सब कुछ न्योछाबड़ कर देती है, वही बच्चा बड़े होकर माँ का पालन पोषण नहीं कर पाता हैं वह माँ को बोझ समझता है। जिस बच्चे को माँ अपने सीने से लगाए रखती थी। वहीं बच्चा माँ को अपने से दूर कर देता है। माँ जिस बच्चे को अपना समझती है, वही बच्चा माँ को पराया कर देता है। माँ हमेशा जिस बच्चे को अपने साथ रखती थी, वही बच्चा माँ को अपने साथ नहीं रखना चाहता हैं माँ जिस बच्चे का हमेशा ख्याल रखती थी, वही बच्चा माँ का ख्याल नहीं रखता है। इतना सब कुछ होने के बाबजुद भी माँ अपने बच्चों के लिए अच्छे की कामना करती है। **माँ का प्यार ऐसा है कि पुत्र चाहे कितना भी माँ का तिरस्कार करे और वह माँ के सामने आकर अपने किए के लिए क्षमा मांगे, तो माँ उसे सच्चे हृदय से अपने बच्चे को माफ करे देती है। अपने सारे दुःख भूलाकर वह पुरे खुशी से माफ कर देती है। ऐसा सिर्फ माँ ही कर सकती है।**

बंदी का नाम :– **शुभम सिंह,**
विशेष केन्द्रीय कारा भागलपुर द्वारा लिखित एवं निर्मित चित्र

# "बिहारी का जिज्ञासा"

मैं एक बिहारी हूँ,
करता मै तैयारी हूँ, मैं एक बिहारी हूँ।

मिट्टी में बच्चपन बिता,
अपने जीवन को सिंचा,
करता नहीं कुछ भी चिंता,
सचे दिलवालों के, यारो की यारी हूँ
मैं एक बिहारी हूँ,
करता मैं तैयारी हूँ, मैं एक बिहारी हूँ।

सभी क्षेत्रों में होड़ है,
वहाँ कोई न और है,
चपरासी से ऑफिसर तक,
सभी पोस्टों पर मारी बाजी हूँ,
मैं एक बिहारी हूँ
करता मैं तैयारी हूँ, मैं एक बिहारी हूँ।

कल का इतिहार देखों,
बिहारियों का प्रयास देखों,
लोगों का आशा देखों,
देशवासियों का विश्वास देखों,
सभी जगहों पर, साफ करता बिमारी हूँ,
मैं एक बिहारी हूँ
करता मैं तैयारी हूँ, मैं एक बिहारी हूँ।

**कमेन्द्र कुमार**
विचाराधीन बंदी मंडल कारा, औरंगाबाद

# "नौकरी"

आओ सुनाऊँ नौकरी का तराना।
सुबह को डियुटी जाना शाम को वापस आना।।
अगर पड़ जाए रातों को जाना,
ढुढ़ना कोई अच्छा बहाना।
जिससे कि न पड़े आना–जाना,
आओ सुनाऊँ नौकरी का तराना।।
हर महिने मिलते रहे वेतन,
तो लगता है कर्तव्य तें मन।
ना मिले तो क्यू की नौकरी,
सोचकर जल उठता है तन–बदन।
फिर भी पड़ता है डियुटी पर जाना,
आओ सुनाऊँ नौकरी का तराना।।
घर वालों की याद सताएँ,
बच्चे कहे मम्मी घर आ जाओं।
जब छुट्टी लेने जाओं तो सर कहे,
आज नही कल आ जाओं।
कैसी हो गई जिन्दगी ये सोजकर पचताना,
आओ सुनाऊँ नौकरी का तराना।।
गलतियॉं ना हो कोई ना ही मिलेगा स्पष्टीकरण,
सर्वीस बुक गंदा होने पर रूक जायेगा प्रमोशन,
यही सब है इसका फसाना।

आओ सुनाऊँ नौकरी का तराना।।
मैं अभी कारागृह मे हूँ पर
मेरा रूह आज भी
बाहर के दुनिया में है
मेरे पंखो को काट
दिए गये है बार–बार
पर उड़ने के लिए
इस आसमां में आज भी
मेरे हौसलो में जान बाकी है
मेरे पांव मे जगा दिये
गाये है हजारों बेड़ियां
पर मेरे मन मे उपज
सही इच्छाओं में आज
भी उत्साह बाकी है
मेरे खिलखिने पे
लगा दिये गये है
इस समाज की पहरेदारियां
पर मेरे मन में आज भी इस
समाज के प्रति निश्छल
करूणा बाकी है।

बंदी का नाम–
**आनंद कुमार उर्फ नीरज कुमार,**
शहीद जुब्बा सहनी केन्द्रीय कारा, भागलपुर




मंडल कारा सीतामढ़ी में संसीमित बंदी इन्द्रजीत कुमार द्वारा चित्रित




मंडल कारा सीतामढ़ी में संसीमित बंदी इन्द्रजीत कुमार द्वारा चित्रित

"अपराध से घृणा करो
अपराधी से नहीं"





प्रकाशक :

**बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान**

दिग्घी कला, समीप मंडल कारा, हाजीपुर, वैशाली – 844101 (बिहार)
दूरभाष नं. : 06224 - 272117, फैक्स नं. : 06224 - 272117
ई–मेल – hajipurbica@gmail.com,
director.bica@bihar.gov.in

बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान द्वारा आदेशित तथा यूनाईटेड प्रिंटर्स एण्ड सर्विस प्रोवाइडर, संदलपुर रोड, पटना–6 द्वारा मुद्रित, मो.– 9334116542